# प्री-बोर्ड परीक्षा – 2024 KHV

समय : 3:15 घण्टा ) कक्षा : 10 ( पूर्णांक : 70

## विषय : हिन्दी

नोट- सभी प्रश्न अनिवार्य है। इस प्रश्न-पत्र के प्रारम्भ में 20 प्रश्न बहुविकल्पीय है, 20 अंक के हैं, इनके सही उत्तर ओएमआर शीट पर देने हैं।

### खण्ड- अ बहुविकल्पीय प्रश्न ( 20 अंक )

1. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ के लेखक है-
(क) हरिवंशराय बच्चन (ख) भगवती चरण वर्मा
(ग) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' (घ) राम विलास शर्मा

2. निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए-
(क) गोदान प्रेमचन्द का प्रसिद्ध उपन्यास है।
(ख) 'झाँसी की रानी' के लेखक निराला है।
(ग) ममता पन्त जी का एक महाकाव्य है।
(घ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल एक सुप्रसिद्ध कवि है।

3. प्रायश्चित, के लेखक है-
(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) महादेवी वर्मा

4. 'कलम का सिपाही' किस विधा की रचना है-
(क) कहानी (ख) उपन्यास (ग) जीवनी (घ) निबन्ध

5. 'पचांग दर्शन' के रचनाकार कौन है-
(क) सदल मिश्र (ख) मथुरानाथ शुक्ल (ग) इंशाअल्ला खाँ (घ) लल्लू लाल

6. रीतिकाल के वीररस के प्रसिद्द कवि है-
(क) भूषण (ख) देव (ग) घनानन्द (घ) बिहारी

7. किस कवि को राष्ट्रकवि का सम्मान प्राप्त हुआ-
(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (घ) गिरिजा कुमार माथुर

8. 'कठिन काव्य के प्रेत' कहे जाते हैं-
(क) अज्ञेय (ख) घनानन्द (ग) केशव (घ) जायसी

9. हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है-
(क) पृथ्वी रास रासो (ख) रामचन्द्रिका (ग) रामचरितमानस (घ) पद्मावत

10. 'राम की शक्ति पूजा' के रचनाकार है-
(क) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (ख) महादेवी वर्मा
(ग) सुमित्रानन्द पंत (घ) सुभद्रा कुमारी चौहान

PDF Hindustanknowledge.com

11. आधुनिक काल की समय सीमा है-
(क) 1919 से 1938ई. तक (ख) 1918ई. से 1950ई. तक
(ग) 1936ई. से 1943 तक (घ) 1843ई. से अब तक

12. 'अनुचर' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) चर (ख) अनु (ग) अ (घ) ग्रह

13. 'पीताम्बर' में समास है-
(क) बहुव्रीहि (ख) द्वन्द्व (ग) तत्पुरुष (घ) द्विगु

14. 'खीर' का तत्सम रूप है-
(क) खीन (ख) खीरा (ग) क्षीर (घ) ये सभी

15. 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची है-
(क) पारावार (ख) पंकज (ग) सूर्य (घ) सरिता

16. 'तुभ्यम्' की विभक्ति एवं वचन है-
(क) पञ्चमी बहुवचन (ख) सप्तमी द्विवचन (ग) चतुर्थी एकवचन (घ) षष्ठी बहुवचन

17. रस के कितने अंग होते हैं-
(क) चार (ख) आठ (ग) पांच (घ) सात

18. 'विन्ध्य के वासी उदासी तपोव्रतधारी' पंक्तियों में कौन-सा रस है-
(क) हास्य (ख) रौद्र (ग) करुण (घ) वीर

19. 'पीपर पात सरिस मन डोला' में कौन सा अलंकार है-
(क) रूपक (ख) उत्प्रेक्षा (ग) श्लेष (घ) उपमा

20. सोरठा के प्रथम एवं तृतीय चरण में कितना मात्राएं होती है-
(क) 11-11 (ख) 13-13 (ग) 14-14 (घ) 16-16

## वर्णनात्मक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3×2=6

ईर्ष्या का सम्बन्ध प्रतिद्वन्दिता से होता है क्योंकि भिखमंगा करोड़पति से ईर्ष्या नहीं करता। यह एक ऐसी बात है, जो ईर्ष्या के पक्ष में भी पड़ सकती है क्योंकि प्रतिद्वन्दिता से मनुष्य का विकास होता है, किन्तु अगर आप संसार व्यापी सुयश चाहते हैं, तो आप रसेल के मतानुसार शायद नेपोलियन से स्पर्धा करेगें, मगर याद रखिए कि नेपोलियन भी सीजर से स्पर्धा करता था और सीजर सिकन्दर से तथा सिकन्दर हरकुलिस से

(क) ऊपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) प्रतिद्वन्द्विता से क्या लाभ है?
(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

अथवा

जो तरुण संसार के जीवन-संग्राम से दूर है, उन्हें संसार का चित्र बड़ा ही मनमोहन प्रतीत होता है, जो वृद्ध हो गए है, जो अपनी बाल्यावस्था और



PDF Hindustanknowledge.com

तरुणावस्था से दूर हट आए है, उन्हें अपने अतीतकाल की स्मृति बड़ी सुखद लगती है। वे अतीत का ही स्वप्न देखते हैं। तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्ज्वल होत है, वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असन्तोष होता है। तरुण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं और वृद्ध अतीत को खींचकर वर्तमान में देखना चाहते हैं।

(क) ऊपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) जीवन-संग्राम का अर्थ बताइए।

(ग) वृद्ध और तरुण दोनों किस कारण अपने वर्तमन से सन्तुष्ट नहीं रहते?

2. दिये गये पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3×2=6

युग-युग का पौराणिक स्वप्न हुआ मानव का संभव,
समारंभ शुभ नए चन्द्र का युग का भू को दे गौरव
फहराए ग्रह उपग्रगह में धरती का श्यामल अंचल
सुख संपद् संपन्न जगत् में बरसे जीवन-मंगल।
अमरीका सोवियत बने, वन दिक् रचना के वाहन
जीवन पद्धतियों के भेद, समन्वित हो, विस्तृत मन

(क) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) चन्द्रयुग एवं युग-युग में कौन सा अलंकार है?

(ग) मानव का कौन सा स्वप्न साकार हुआ है?

अथवा

ऊधौ मन न भए दस बीस
एक छुटौ सो गयौ स्याम संग, कौ अवराधै ईस
इंद्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यों देही बिनु सीस।।
आसा लागि रहत तन स्वासा, जीवहि कोटि बरीस।
तुम तौ सखा स्याम सुन्दर के, सकल जोग के ईस।।

(क) प्रस्तुत पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) श्री कृष्ण के बिना गोपियों की दशा कैसी हो गयी है?

(ग) श्री कृष्ण के सखा कौन है?

3. दिये गये संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+3=5

एषा कर्मवाराणां संस्कृतिः। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः' इति अस्याः उद्घोषः। पूर्वं कर्म, तदनन्तरं फलम् इति अस्माकं संस्कृतेः नियमः। इदानीं यदा वयं राष्ट्रस्य नवनिर्माणे संलग्नाः स्मः निरन्तरं कर्मकरणम् अस्माकं मुख्यं कर्तव्यम् निजस्य श्रमस्य फलं भोग्यं, अन्यस्य श्रमस्य शोषणं सर्वथा वर्जनीयम्। यदि वयं विपरीतम् आचरामः तदा न वयं सत्यं भारतीय संस्कृतेः उपासकाः।

PDF Hindustanknowledge.com

अथवा

वाराणस्यां प्राचीनकालादेव गेहे गेहे विद्यायाः दिव्यं ज्योतिः द्योतते। अधुनाऽपि अत्र संस्कृतवाग्धारा सततं प्रवहति, जनानां ज्ञानञ्च वर्द्धयति। अत्र अनेके आचार्याः मूर्धन्याः विद्वांसः वैदिकवाङ्मयस्य अध्ययने अध्यापने च इदानीं निरताः। न केवलं भारतीयाः अपितु वैदेशिकाः गीर्वाणवाण्याः अध्ययननाय अत्र आगच्छन्ति निःशुल्कं च विद्यां गृहणन्ति।

4. दिये गए संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

भानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न शोचति।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत् ।।

अथवा

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।
उभयत्र समो वीरः वीरभावो हि वीरता।।

5. (क) अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर तुमुल खण्डकाव्य के प्रतिनायक मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए। 1×3=3

(ख) तुमुल खण्डकाव्य के पंचम सर्ग (रावण का आदेश) तथा अष्टम सर्ग (युद्धासन्न सौमित्र) की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

6. (क) दिए गये लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उसकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए- 3+2=5

(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) राजेन्द्र प्रसाद (स) रामधारी सिंह दिनकर

(ख) दिये गये कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए- 3+2=5

(अ) तुलसी दास (ब) सुमित्रानन्दन पंत
(स) सुभद्रा कुमारी चौहान

7. अपनी पाठ्य-पुस्तक में से कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रशनों के उत्तर संस्कृत में दीजिए- 2+2=4

(क) तृणात् बहुतरं किम् अस्ति?
(ख) कविः कोकिलां किं कथयति?
(ग) चन्द्रशेखरः स्वपितुः नाम् किम् अकथयत् ?
(घ) सर्वेषु उत्तमं धनं किम् अस्ति?

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 1×9=9

(क) राष्ट्रीय एकता (ख) प्रदूषण और उसका प्रभाव
(ग) कुसंग का ज्वर भयानक होता है। (घ) विज्ञान के चमत्कार

***



PDF Hindustanknowledge.com